कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)–द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

संख्या– ए0ई0–2/03/नि0वि0–1/वर्ग–1/पदक्रम सूची/75/खण्ड–4/1031 दिनांक : 06.04.2023

कार्यालय आदेश

प्रभागीय लेखाकार संवर्ग की पदक्रम सूची के संकलन का कार्य प्रगति पर है जिसमें दिनांक 01.03.2023 तक की स्थिति यथा नियुक्ति, पदोन्नति, स्थायीकरण, वेतन, वेतन वृद्धि की अगली तिथि इत्यादि विषयक सूचनाओं का समावेश किया जाना है। अतः उत्तर प्रदेश प्रभागीय लेखाकार संवर्ग के अधिकारी/कर्मचारी अपनी सेवा सम्बन्धी विवरणों को ध्यान में रखते हुए कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध दिनांक 01.03.2022 की पदक्रम सूची में प्रदर्शित प्रविष्टियों (वरिष्ठता क्रम को छोड़कर) की जांच कर लें तथा यदि कोई त्रुटि हो तो, त्रुटियों को सम्बन्धित जिले के प्रान्तीय खण्ड में तैनात खण्डीय लेखाधिकारी (नोडल अधिकारी) के माध्यम से दिनांक 15.04.2023 तक निर्माण विविध–1 अनुभाग के संज्ञान में लाने का कष्ट करें जिससे आवश्यक संशोधन के पश्चात् विवरण अगली पदक्रम सूची में सम्मिलित किया जा सके।

प्रभागीय लेखाकार संवर्ग के अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका उनके तैनाती के खण्ड में उपलब्ध रहती है इसलिए दिनांक 01.03.2023 को उनका मूल वेतन तथा वेतन वृद्धि की अगली तिथि का विवरण अगली पदक्रम सूची तैयार करने के लिए उनकी सेवा पुस्तिकाओं से प्राप्त किया जाना आवश्यक है। इसी क्रम में प्रभागीय लेखाकार संवर्ग के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को यह निर्देशित किया जाता है कि वे दिनांक 01.03.2023 को मूल वेतन तथा वेतन वृद्धि की अगली तिथि का विवरण सम्बन्धित जिले के प्रान्तीय खण्ड में तैनात खण्डीय लेखाधिकारी (नोडल अधिकारी) के माध्यम से दिनांक 15.04.2023 तक निर्माण विविध–1 अनुभाग को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। कृपया उपरोक्त अपेक्षित सूचनाएँ/विवरण निम्नलिखित प्रारूप पर उपलब्ध करायें :–

क– प्रभागीय लेखाधिकारी/लेखाकार का नाम :
ख– व्यक्तिगत संख्या :
ग– पदनाम :
घ– दिनांक 01.03.2022 से 28.02.2023 तक पदोन्नति एवं कार्यभार ग्रहण करने का विवरण :
ड.– दिनांक 01.03.2023 को मूल वेतन :
च– वेतन वृद्धि की अगली तिथि :

किसी तथ्य को जानबूझकर छिपाने/टालने तथा समय से उक्त सूचनाएँ प्रेषित न करने हेतु प्रभागीय लेखाकार संवर्ग स्वयं जिम्मेदार होगा तथा जहॉ आवश्यक होगा, अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जा सकती है।

वरिष्ठ उप महालेखाकार/डी0ए0सी0सी0

संख्या– ए0ई0–2/03/नि0वि0–1/वर्ग–1/पदक्रम सूची/75/खण्ड–4/07–10 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. सचिव, महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)–द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. खण्डीय लेखाकार संवर्ग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालय की वेबसाइट के माध्यम से।
3. समस्त जिलों के प्रान्तीय खण्ड में तैनात खण्डीय लेखाधिकारियों (नोडल अधिकारी) को कार्यालय की वेबसाइट के माध्यम से इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित जिले के खण्डों में पदस्थ खण्डीय लेखाधिकारियों/खण्डीय लेखाकारों से अपेक्षित विवरणों को संकलित कर निर्धारित तिथि तक इस कार्यालय के निर्माण विविध–1 अनुभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
4. वरिष्ठ लेखाधिकारी/कम्प्यूटर सेल, कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)–द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इस कार्यालय आदेश को कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करवाने का कष्ट करें।

06/04/23

वरिष्ठ लेखाधिकारी/नि0वि0–1